कार्यालय वनमण्डलाधिकारी, सामान्य वनमण्डल दतिया (म.प्र.)

क्रमांक / मा.चि. / 2072 दतिया / दिनांक : 10/8/2020

प्रति,

मुख्य वन संरक्षक
ग्वालियर वृत्त ग्वालियर

विषय :– माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना में प्रभावित वन भूमि 1248.821 हेक्टेयर (ग्वालियर वनमंडल की प्रभावित वन भूमि 298.140 हेक्टेयर एवं दतिया वनमंडल की प्रभावित वन भूमि रकवा 950.681 हेक्टेयर) को वन संरक्षण अधिनियम 1980 के तहत परियोजना प्रबंधक माँ रतनगढ़ परियोजना पी.आई.ई. दतिया को उपयोग पर देने बाबत। (FP/MP/IRRIG/40397/2019)

सन्दर्भ :– परियोजना प्रबंधक, मां रतनगढ़ परियोजना क्रियान्वयन इकाई सेंवढा का पत्र क्रमांक 53 दिनांक 30.12.2019 एवं 319 दिनांक 10.06.2020 तथा वनमंडलाधिकारी भिण्ड का पत्र क्रमांक 2090 दिनांक 31.07.2020, वनमंडलाधिकारी ग्वालियर का पत्र क्रमांक 6142 दिनांक 31.07.2020 एवं आपका पत्र क्रमांक 3175 दिनांक 07.08.2020

––– :0: –––

उपरोक्त विषयांतर्गत सन्दर्भित पत्रों द्वारा परियोजना प्रबंधक, मां रतनगढ़ परियोजना क्रियान्वयन इकाई सेंवढा ने दतिया जिले में प्रस्तावित माँ रतनगढ़ बहुउद्देशीय परियोजना के निर्माण हेतु कुल 1248.821 हेक्टेयर (ग्वालियर वनमंडल की प्रभावित वन भूमि 298.140 हेक्टेयर एवं दतिया वनमंडल की प्रभावित वन भूमि रकवा 950.681 हेक्टेयर) वन भूमि के उपयोग हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 की धारा 2 के तहत प्रावधानों के तहत प्रस्ताव ऑनलाईन प्रस्तुत किया है। जिसमें वनमंडलाधिकारी ग्वालियर द्वारा अपने सन्दर्भित पत्र से ऑनलाइन प्रस्ताव की पूर्ति कर 03 प्रतियों में इस कार्यालय को प्रस्तुत किया है।

आपके सन्दर्भित पत्र द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कमियों की पूर्ति की जाकर दतिया वनमंडल की प्रभावित होने वाली वन भूमि 950.681 हेक्टेयर का प्रस्ताव ऑनलाइन पूर्ति की जाकर हार्ड कॉपी में 03 प्रतियों में संलग्न संप्रेषित है। वनमंडलाधिकारी भिण्ड द्वारा गैर वन भूमि उपलब्ध कराने के संबंध पत्र क्रमांक 2090 दिनांक 31.07.2020 के द्वारा दी गई जानकारी की छायाप्रति संलग्न संप्रेषित है।

प्रस्ताव में आवश्यक पूर्ति की जाकर दो प्रतियों में अनुशंसा सहित आगामी कार्यवाही हेतु संप्रेषित है।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार
(प्रस्ताव 02 प्रतियों में मय वृक्षों का गणना पत्रक,
चेक लिस्ट इंस्पेक्शन रिपोर्ट एवं भाग–2 की पूर्ति का प्रपत्र)

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल दतिया (म.प्र.)

क्रमांक / मा.चि. / 2073 दतिया / दिनांक : 10/8/2020

प्रतिलिपि :–

(1) अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, कक्ष भू प्रबंध मध्य प्रदेश भोपाल
(2) वनमंडलाधिकारी ग्वालियर एवं भिण्ड
(3) परियोजना प्रबंधक, मां रतनगढ परियोजना पी.आई.यू. सेंवढा जिला दतिया

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संप्रेषित है।

वनमण्डलाधिकारी
सामान्य वनमण्डल दतिया (म.प्र.)